दिनांकः 13.02.2026
समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

राज्य विधानसभा की कार्यवाही आज प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई। सदन मे उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा से संबंधित विभागों के साथ–सथ कृषि, शिक्षा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सामाजिक न्याय और अधिकारिता सहित अन्य विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण सवाल–जवाब हुए। लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने राज्य में सड़क सुरक्षा मानको पर सवाल उठाया इसके जवाब में डॉ. बैरवा ने बताया कि सरकार सड़क हादसों में कमी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। साल 2025 में 27 लाख से अधिक चालान काटे गये।

.......................

विधायक इन्दिरा मीणा के खाद बीज वितरण को लेकर किये गये सवाल पर डॉ. किरोडी लाल मीणा ने बताया कि सरकार ने तीन लाख मिट्रीक टन अतिरिक्त खाद की सप्लाई की है। उन्होंने बताया कि खाद वितरण में लापरवाही बरतने वाले दोषियों पर मुकदमें भी दर्ज कराये गये है। वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने एक सवाल के जवाब मेें स्पष्ट किया कि प्रदेश में अभी तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों पर रोक है। सरकार फिलहाल नई स्थानान्तरण नीति पर काम कर रही है। इसको अंतिम रूप देने के बाद ही तबादलों पर विचार किया जायेगा।

......................

नाबार्ड की ओर से आज जयपुर में आज क्रेडिट सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने वित्तीय वर्ष 2025–26 का स्टेट फोकस पेपर जारी किया। इसमें कृषि, एमएसएमई और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के लिए संभावित ऋण का आकलन पेश किया गया है। समारोह में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले चार एफ.पी.ओ. के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

....................

भीलवाड़ा जिले के गंगापुर क्षेत्र में रसायन पीने से चार महिलाओं की मौत हो गयी। घटना बीती रात आलोली गांव में एक शादी समारोह मे हुई जहां काम कर रही इन महिलाओं ने बर्तन धोने के रसायन को शराब समझकर पी लिया। सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव सहित चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मौके से रसायन की बोतले जब्त की। एफएसएल टीम घटना की जांच कर रही है। उधर अलवर में रूपवास पुलिया पर देर रात एक ट्रक और मोटरसाईकिल की टक्कर में एक युवक की मौके पर मौत हो गयी और दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को जयपुर रैफर किया गया है।

...................

राज्य में मौसम एक बार फिर बदलने के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले सप्ताह 18 फरवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। इससे कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार है। इस बीच कल राजधानी जयपुर, चूरू सीकर सहित कई स्थानों पर हल्के बादल छाए रहे

और हवाएं चली इससे न्यूनतम तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। बीती रात 4 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस के साथ सीकर का फतेहपुर सबसे सर्द रहा। इसके अलावा 10 ज़िलों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया। उधर बाडमेर और चित्तौडगढ़ में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।

...................

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने **भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण –बीएसआई** के 137वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने कहा कि बीएसआई ने एक सदी से अधिक समय से देश की समृद्ध वनस्पति विविधता की खोज, दस्तावेजीकरण और संरक्षण में अहम भूमिका निभाई है। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन देश के हरियाली भरे भविष्य को सुनिश्चित करने में अपना योगदान जारी रखेगा।

.....................

केन्द्र सरकार ने आंशिक रूप से चालू राष्ट्रीय राजमार्ग के उपयोगकर्ताओं को राहत देने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क–दर निर्धारण और वसूली नियम–2008 में संशोधन अधिसूचित किया है। नये नियम 15 फरवरी से लागू होंगे। किसी राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह नही खुला होने पर निम्न दर पर टोल शुल्क लिया जाएगा। संशोधन का उद्देश्य आंशिक रूप से खुले एक्सप्रेसवे के खंडों के अधिक उपयोग को प्रोत्साहित करना है।